ऊना दलित अत्याचार : मायावती ने की.. 02

राष्ट्रीय शिखर

खबरों की स्वतंत्रता

सलमान की सलाह पर अपना... 11

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गौतमबुद्धनगर, नई दिल्ली, देहरादून और लखनऊ से एक साथ प्रसारित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

वर्ष - 02, अंक - 126 | गाजियाबाद / शनिवार 08 अगस्त 2026 | PRGI No. - UPHIN/25/A0086 | पृष्ठ -12, मूल्य - 04 रूपए

सदन में हंगामे के लिए माफी मांगे विपक्ष : किरेन रिजिजू

'सुबह से देर रात तक सदन में रहते हैं गृह मंत्री'

नई दिल्ली, (एजेंसी)। संसद के मानसून सत्र के दौरान शुक्रवार को केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के हंगामे के कारण सदन में चचाएं सीमित रही हैं लेकिन इसके बावजूद संसद का विधायी कामकाज लगातार जारी है और कई महत्वपूर्ण विधेयक पारित किए जा चुके हैं।

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने पत्रकारों से कहा कि लोकसभा में एमएसएमई से संबंधित विधेयक पारित किया गया है और राज्यसभा में भी एनडीए के सभी सांसदों ने विभिन्न विधेयकों पर बहस में हिस्सा लेकर अपनी राय रखी। यह कहना पूरी तरह गलत है कि संसद का कामकाज ठप है। सदन नियमित रूप से चल रहा है और विधायी प्रक्रिया भी आगे बढ़ रही है। चर्चा कम होने का एकमात्र कारण विपक्ष का लगातार हंगामा और नारेबाजी है। विशेष सत्र बुलाने की विपक्ष की मांग पर रिजिजू ने कहा कि फिलहाल ऐसा कोई प्रस्ताव सरकार के सामने नहीं है। उन्होंने कहा कि जब मानसून सत्र पहले से चल रहा है तो इसी दौरान अलग से विशेष सत्र बुलाने की मांग का कोई औचित्य नहीं बनता। उन्होंने इसे केवल राजनीतिक नाटक करार दिया।

सरकार को संसद में जवाब देना चाहिए: प्रियंका गांधी

नई दिल्ली। कांग्रेस सांसदों ने सरकार पर आरोप लगाया कि सरकार छात्रों की आवाज दबाने का प्रयास कर रही है और केंद्रीय गृह मंत्री संसद में आकर जवाब नहीं दे रहे हैं। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने प्रयागराज में प्रस्तावित 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम को लेकर कहा कि सरकार इस कार्यक्रम से डर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के कार्यक्रमों के साथ हमेशा ऐसा ही व्यवहार किया जाता है। केंद्रीय गृहमंत्री के संसद में आने के सवाल पर प्रियंका गांधी ने कहा कि ऐसा नहीं लगता कि वे सदन में आएंगे। उन्होंने कहा कि यदि कोई गलती हुई है तो सरकार को उसकी जिम्मेदारी लेते हुए संसद में जवाब देना चाहिए। कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने भी छात्रों के मुद्दे पर सरकार की आलोचना की।

आत्मनिर्भर भारत के सपने का अहम स्तंभ है हथकरघा क्षेत्र : पीएम मोदी

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के अवसर पर देश के बुनकरों और कारीगरों को नमन करते हुए कहा कि हथकरघा क्षेत्र ग्रामीण सशक्तिकरण, महिला नेतृत्व वाले विकास और आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने का महत्वपूर्ण स्तंभ है। उन्होंने कहा कि सरकार हथकरघा क्षेत्र को लगातार प्रोत्साहन और समर्थन देती रहेगी।

प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर भारत की समृद्ध हथकरघा विरासत का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि पीढ़ियों से बुनकरों और कारीगरों ने अपनी कला, कौशल और रचनात्मकता के माध्यम से देश की परंपराओं को संरक्षित और समृद्ध किया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों से अपील की कि वे राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के अवसर पर अपने पसंदीदा हथकरघा उत्पादों और इससे जुड़े वीडियो साझा करें, ताकि इस क्षेत्र से जुड़े लोगों का उत्साह बढ़ सके।

उन्होंने कहा कि हथकरघा उद्योग न केवल भारत की सांस्कृतिक पहचान है, बल्कि लाखों परिवारों की आजीविका का आधार भी है।

राष्ट्रीय हथकरघा दिवस हर साल 7 अगस्त को मनाया जाता है। यह दिवस वर्ष 1905 में शुरू हुए स्वदेशी आंदोलन की याद में मनाया जाता है। इस दिन देश की हथकरघा परंपरा और बुनकरों के योगदान को सम्मान दिया जाता है।

हथकरघा क्षेत्र से जुड़े आंकड़ों के अनुसार देश में करीब 35.22 लाख बुनकर और संबद्ध श्रमिक इस उद्योग से जुड़े हैं। इनमें 72 प्रतिशत से अधिक महिलाएं शामिल हैं।

भारत की हथकरघा परंपरा का इतिहास हजारों साल पुराना है। इसके प्रमाण सिंधु घाटी सभ्यता तक मिलते हैं। ऋग्वेद, रामायण और महाभारत जैसे प्राचीन ग्रंथों में भी कताई और बुनाई का उल्लेख मिलता है।

कौटिल्य के साहित्य में भी भारतीय कपास और रेशम की गुणवत्ता का वर्णन किया गया है। सदियों से बुनाई की कला और तकनीक एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक पहुंचती रही है।

वर्ष 2015 में राष्ट्रीय हथकरघा दिवस की शुरूआत की गई थी। इसके बाद हथकरघा क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन विकास, डिजिटल प्लेटफॉर्म, वैश्विक बाजार तक पहुंच, पुरस्कार और उत्पादों की प्रमाणिकता से जुड़े कई कदम उठाए गए हैं।

चौथी अखिल भारतीय हथकरघा जनगणना 2019-20 के अनुसार देश में करीब 31.45 लाख हथकरघा परिवार दर्ज किए गए हैं। इनमें लाखों लोग बुनाई से पहले और बाद की गतिविधियों जैसे धागा तैयार करना, रंगाई, वार्पिंग और अन्य कार्यों से जुडेल हुए हैं।

हथकरघा उद्योग आज भी ग्रामीण अर्थव्यवस्था और पारंपरिक कला को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

गहरी खाई में गिरी बोलेरो, पांच लोगों की मौत

देहरादून (एजेंसी)। पौड़ी-देवप्रयाग मार्ग पर कुंडाधार के पास शुक्रवार को एक सड़क हादसे में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई। तेज रफ्तार बोलेरो अनियंत्रित होकर करीब 250 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में वाहन सवार छह लोगों में से पांच की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर घायल हो गया। एसएसपी सर्वेश पंवार ने बताया कि शुक्रवार को सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे थाना देवप्रयाग को पौड़ी-देवप्रयाग मार्ग पर कुंडाधार के निकट वाहन के खाई में गिरने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस और एसडीआरएफ की टीम घटनास्थल पर पहुंची। जांच में पता चला कि एक बोलेरो अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे करीब 250 मीटर गहरी खाई में जा गिरी थी। हादसे में अफजाल पुत्र अकबर सूफी (49), शब्बो पत्नी अफजाल (40), अन्नाविया पुत्री अफजाल (3), शादाब पुत्र अफजल (14) और गुफरान पुत्र अकबर (34) की मौत हो गई। सभी रायपुर जीतपुर, थाना कोतवाली लक्सर, जनपद हरिद्वार के निवासी बताए गए हैं। हादसे में घायल अरमान पुत्र अफजल, निवासी रायपुर जीतपुर, थाना कोतवाली लक्सर, हरिद्वार को पुलिस और एसडीआरएफ ने खाई से सुरक्षित बाहर निकाला।

पटना में हादसे के बाद बवाल

युवक की मौत से भड़के लोगों ने बस और पुलिस वाहनों में लगाई आग

पटना सिटी (एजेंसी)। अगमकुआं थाना क्षेत्र के बड़ी पहाड़ी के पास राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या-30 पर शुक्रवार सुबह तेज रफ्तार यात्री बस ने एक युवक को कुचल दिया। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान स्थानीय निवासी 26 वर्षीय मनीष कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने बस में आग लगा दी। बस में सवार यात्रियों ने किसी तरह बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। इसके बाद भीड़ ने पुलिस की दो गाड़ियों समेत कई अन्य वाहनों में भी आग लगा दी और तोड़फोड़ की।

घटना से नाराज लोगों ने एनएच-30 को जाम कर दिया। कई वाहनों में तोड़फोड़ की गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस टीम भीड़ को नियंत्रित नहीं कर सकी और लोगों ने पुलिसकर्मियों को खदेड़ दिया। बाद में पांच थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला।

हंगामे के दौरान एक मीडियाकर्मी के साथ मारपीट की गई और उसकी गाड़ी में भी आग लगा दी गई। आग बुझाने पहुंचे दमकल कर्मियों को भी भीड़ के विरोध के कारण पीछे हटना पड़ा। बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार बस की चपेट में आने से मनीष कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद बस चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

हंगामे के कारण एनएच-30 पर लंबा जाम लग गया और वाहनों की कतार लग गई। पुलिस ने लोगों को समझाकर मामला शांत कराया और यातायात व्यवस्था बहाल करने की कोशिश शुरू कर दी है।

थाईलैंड के स्कूल में गोलीबारी, 8 की मौत

बैंकॉक (एजेंसी)। थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक के बाहरी इलाके नोनथाबुरी जिले के देबसिरिन स्कूल में शुक्रवार को हुई गोलीबारी में 8 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में तीन छात्र और तीन शिक्षक शामिल हैं। वहीं, इस हमले में 15 लोग घायल हुए हैं।

अधिकारियों के अनुसार घटना स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 10 बजे हुई। सूचना मिलते ही पुलिस और आपातकालीन टीमें मौके पर पहुंचीं। गोलीबारी के बाद स्कूल परिसर में अफरा-तफरी मच गई और छात्र व शिक्षक सुरक्षित स्थानों की ओर भागने लगे।

पुलिस के मुताबिक, स्कूल के एक छात्र ने कथित तौर पर गोलीबारी की। घटना के बाद हमलावर ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या करने की कोशिश की। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

अधिकारियों ने बताया कि गोलीबारी के पीछे की वजह अभी स्पष्ट नहीं हुई है और मामले की जांच जारी है। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई गई है कि बंदूक छात्र ने परिवार के किसी सदस्य से हासिल की थी। स्थानीय मीडिया के अनुसार, गोलीबारी में घायल हुए 15 लोगों में से दो की हालत गंभीर बनी हुई है। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के दौरान सोशल मीडिया पर गोलीबारी का लाइव प्रसारण भी वायरल हुआ।

प्रधानमंत्री ने जताया दुख

थाईलैंड के प्रधानमंत्री अनुतिन चर्नविराकुल ने घटना पर दुख जताया है। उन्होंने अधिकारियों को पीड़ितों और उनके परिवारों की सहायता करने के निर्देश दिए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, गोली चलने की आवाज सुनकर छात्र एक कक्षा में छिप गए थे। बाद में पुलिस ने उन्हें सुरक्षित बाहर निकाला।

सुरक्षाकर्मियों ने लोगों से अपील की है कि वे घटना का लाइव प्रसारण न करें।

मुख्यमंत्री विजय और संगीता के तलाक का मामला खत्म

पत्नी ने फैमिली कोर्ट से वापस ली याचिका, अदालत ने बंद की कार्यवाही

चेन्नई, (एजेंसी)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय की पत्नी संगीता ने उनके खिलाफ दायर तलाक की याचिका वापस ले ली है। चेंगलपट्टू फैमिली कोर्ट ने संगीता के अनुरोध को स्वीकार करते हुए मामले को बंद कर दिया। संगीता ने पिछले वर्ष दिसंबर में निजी कारणों का हवाला देते हुए तलाक की याचिका दायर की थी। शुक्रवार को सुनवाई के दौरान विजय की ओर से विधानसभा सत्र में व्यस्तता का हवाला देकर समय मांगा गया, जबकि संगीता की ओर से सुनवाई जारी रखने का आग्रह किया गया। दोपहर बाद वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए न्यायाधीश सुजाता के समक्ष पेश हुईं संगीता ने अपनी याचिका वापस लेने की इच्छा जताई। उनका बयान दर्ज करने के बाद अदालत ने अनुरोध स्वीकार कर लिया और मामले की कार्यवाही समाप्त कर दी। हालांकि, याचिका वापस लेने के कारणों पर विजय या संगीता की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। विजय और संगीता का विवाह 25 अगस्त 1999 को हुआ था और उनके दो बच्चे हैं।

तालाब में डूबने से महिला समेत चार की मौत

पटना, (एजेंसी)। बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के गोविंदगंज थाना क्षेत्र में शुक्रवार को दर्दनाक हादसे में एक महिला और उसके चार बच्चे तालाब में डूब गए। अब तक महिला समेत चार शव बरामद कर लिए गए हैं, जबकि एक बच्चे की तलाश जारी है। मृतक महिला की पहचान बभनौली पंचायत निवासी सुशीला देवी, पत्नी धर्मेंद्र महतो, के रूप में हुई है। घटना के बाद इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना पर पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची तथा गोताखोरों की मदद से राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार, डूबने के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। पारिवारिक विवाद और हादसे सहित सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। प्रशासन ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और केवल आधिकारिक जानकारी पर भरोसा करने की अपील की है।

दिल्ली नॉर्थ-वेस्ट पुलिस ने किया 23 आरोपियों को गिरफ्तार

1.5 करोड़ के 390 चोरी के मोबाइल बरामद

नई दिल्ली, (एजेंसी)। नॉर्थ-वेस्ट जिला पुलिस ने स्ट्रीट क्राइम पर शिकंजा कसने के लिए चलाए गए 'ऑपरेशन राहत' के तहत 72 घंटे में 23 आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 1.5 करोड़ रुपये मूल्य के 390 चोरी और छीने गए मोबाइल फोन, 66 चोरी के दोपहिया वाहन व कारें, 62 लाख रुपये के सोने-चांदी के आभूषण तथा 19 अवैध हथियार बरामद किए हैं।

डीसीपी आकांक्षा यादव ने बताया कि 4 से 6 अगस्त तक चले इस विशेष अभियान में करीब 150 पुलिसकर्मियों ने भाग लिया। अभियान का उद्देश्य डकैती, स्नैचिंग, चोरी और वाहन चोरी में सक्रिय गिरोहों पर कार्रवाई करना था। गिरफ्तार आरोपियों में कुख्यात चोर, लुटेरे, स्नैचर और किशोर अपराधी शामिल हैं।

पुलिस ने बताया कि आरोपियों से 21 चाकू और कुछ अत्याधुनिक हथियार तथा इलेक्ट्रिक पिस्टल भी बरामद हुई हैं। जांच में खुलासा हुआ कि चोरी के सोने को गोल्ड फाइनेंस कंपनियों में गिरवी रखकर ऋण लिया जाता था। इस नेटवर्क से जुड़े छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

इसके अलावा चोरी के मोबाइल फोन दिल्ली के एक डीलर मार्केट में बेचे जाते थे, जहां उन्हें खोलकर स्पेयर पार्ट्स के रूप में खपाया जाता था। पुलिस ने इस रिसीवर नेटवर्क पर भी कार्रवाई की है।

डीसीपी के अनुसार, अभियान का उद्देश्य केवल अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं, बल्कि चोरी और लूट के पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करना था। पुलिस का दावा है कि इस कार्रवाई के बाद जिले में डकैती, स्नैचिंग और बैग छीनने की घटनाओं में कमी दर्ज की गई है।

नमन

स्व0 श्री प्रेमचन्द लोहिया जी

जन्म: 4 जनवरी, 1939 — स्वर्गवास: 8 अगस्त, 1988

आपूर्यमाणचलप्रतिष्ठं समुद्रमाप: प्रविशन्ति यद्वत्।
तद्वत्कामा यं प्रविशन्ति सर्वे स शांतिमाप्नोति न कामकामी ।।

—श्रीमद्भगवतगीता: 2/70

जिस प्रकार सब ओर से अचल प्रतिष्ठा वाले समुद्र के प्रति नाना नदियों के जल उसको चलायमान न करते हुए भी उसमें समा जाते हैं, उसी प्रकार स्थिर बुद्धि पुरुष के प्रति संपूर्ण कामनाएं बिना किसी प्रकार का विकार उत्पन्न किये उसमें समा जाती हैं और वह पुरुष परम शांति को प्राप्त होता है।

सादगी, संयम, कर्मठता और सामाजिक हित के प्रति प्रतिश्रुति के आपके आदर्श हमारी राह को आलोकित करते एवं हम सबको प्रेरित करते रहेंगे।

08-अगस्त ''पुण्य तिथि'' के अवसर पर आपके अधूरे कार्यों को पूरा करने का संकल्प लेते हुए आपको शत्-शत् नमन करते हैं।

- मेरिनो इन्डस्ट्रीज लिमिटेड, (यूनिट-1 व 2) हापुड़
- मेरिनो इन्डस्ट्रीज लिमिटेड, दहेज व हलोल, (गुजरात)
- मेरिनो इन्डस्ट्रीज लिमिटेड, होसुर (तमिलनाडु)
- मेरिनो इन्डस्ट्रीज लिमिटेड, रोहड़ (हरियाणा)
- केबीजीबी एग्रीटेक प्रा0 लि0 (यूनिट-1 व 2) हापुड़

आत्मीयजन, समस्त लोहिया परिवार एवं कर्मचारी वृंद

अनुच्छेद 370 की बरसी पर अनंतनाग रैली के नारों पर विवाद

-विपक्ष के विरोध के बाद भाजपा ने दी सफाई

अनंतनाग (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने की सातवीं बरसी पर अनंतनाग में निकाली गई एक रैली के दौरान लगाए गए कथित आपत्तिजनक नारों को लेकर राजनीतिक विवाद गहरा गया है। सोशल मीडिया पर रैली के वीडियो सामने आने के बाद विपक्षी दलों ने इसे कश्मीरी महिलाओं का अपमान बताते हुए भाजपा पर निशाना साधा। बढ़ते विवाद के बीच जम्मू-कश्मीर भाजपा ने इन नारों से खुद को अलग करते हुए स्पष्ट किया कि यह पार्टी का आधिकारिक रुख नहीं है।

5 अगस्त 2019 को केंद्र सरकार ने अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को समाप्त कर जम्मू-कश्मीर का पुनर्गठन करते हुए इसे दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित किया था। इसकी सातवीं बरसी पर भाजपा ने विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए, जबकि विपक्षी दलों ने इस दिन को विरोध दिवस के रूप में मनाया। अनंतनाग में भाजपा की ओर से निकाली गई रैली के दौरान कुछ नारों को लेकर विवाद खड़ा हो गया। विपक्ष का आरोप है कि रैली में कश्मीरी भाषा के ऐसे शब्दों का इस्तेमाल किया गया, जिन्हें स्थानीय समाज में महिलाओं के सम्मान और गरिमा से जोड़कर देखा जाता है। विपक्षी नेताओं का कहना है कि इन शब्दों का प्रयोग जिस संदर्भ में किया गया, वह महिलाओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला है। उनका आरोप है कि इस तरह के नारे कश्मीर की सामाजिक और सांस्कृतिक परंपराओं के विपरीत हैं।

नेशनल कॉन्फ्रेंस समेत अन्य विपक्षी दलों ने इस मुद्दे पर भाजपा की आलोचना करते हुए कहा कि महिलाओं से जुड़े सम्मानजनक संबोधनों का राजनीतिक नारों में इस प्रकार इस्तेमाल स्वीकार्य नहीं है। विपक्ष ने इसे पूरे समाज के सम्मान से जुड़ा विषय बताते हुए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। विवाद बढ़ने के बाद जम्मू-कश्मीर भाजपा ने बयान जारी कर कहा कि पार्टी महिलाओं के सम्मान के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और किसी भी प्रकार की अपमानजनक टिप्पणी का समर्थन नहीं करती। पार्टी के अनुसार यदि रैली के दौरान कुछ व्यक्तियों ने अपनी व्यक्तिगत सोच के आधार पर कोई नारा लगाया है, तो उसे भाजपा की आधिकारिक नीति या विचारधारा नहीं माना जाना चाहिए। पार्टी ने कहा कि विवादित नारे संगठन या रैली का नेतृत्व कर रहे नेताओं के आधिकारिक विचारों का प्रतिनिधित्व नहीं करते। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के बाद यह मामला राजनीतिक बहस का विषय बन गया है। विपक्ष भाजपा से सार्वजनिक माफी की मांग कर रहा है, जबकि भाजपा का कहना है कि पार्टी का महिलाओं के सम्मान पर रुख स्पष्ट है और किसी भी व्यक्ति की व्यक्तिगत टिप्पणी को संगठन की आधिकारिक राय नहीं माना जा सकता।

ब्रेस्टफीडिंग वीक पर स्वास्थ्य शिविर, गर्भवती महिलाओं व जच्चाओं को मिला पोषण किट

हापुड़ (शिखर समाचार)। विश्व ब्रेस्टफीडिंग प्रमोशन वीक के अवसर पर मोदी अस्पताल में इनर व्हील क्लब की ओर से गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं की माताओं के लिए विशेष स्वास्थ्य एवं पोषण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के साथ-साथ स्तनपान के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। अस्पताल परिसर में डॉ. अल्पना गुप्ता की देखरेख में आयोजित शिविर के दौरान गर्भवती महिलाओं और जच्चाओं को पोषण से भरपूर खाद्य सामग्री वितरित की गई। इनमें भुना चना, सोयाबीन बड़ी, दलिया तथा साबुत मूंग दाल शामिल रही, जो प्रोटीन एवं ऊर्जा के अच्छे स्रोत माने जाते हैं। कार्यक्रम के दौरान इनर व्हील क्लब की अध्यक्षा श्वेता जैन ने डॉ. अल्पना गुप्ता एवं डॉ. पूनम लाल को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके सहयोग के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर क्लब की सदस्य सोनल जैन, रिद्धि और अलका बंसल ने भी वितरण कार्य में सक्रिय सहयोग किया।

ग्रेटर नोएडा में सोसायटी की 20वीं मंजिल पर आग, बड़ा हादसा टला

गौतमबुद्ध नगर (एजेंसी)। ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर स्थित मिग्सन अल्टीमो सोसायटी में 20वीं मंजिल के कॉमन एरिया में बिजली के तारों में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। हालांकि, निवासियों और सुरक्षा कर्मियों की सूझबूझ से समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया और कोई जनहानि नहीं हुई। पुलिस के अनुसार, सन टावर-3 की 20वीं मंजिल के कॉमन एरिया में बिजली के तारों में आग लगी थी। आग लगते ही हड़कंप मचा, पर रेजिडेंट्स और सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत मोर्चा संभाला और कड़ी मशक्कत से आग बुझा दी। फायर सर्विस यूनिट मौके पर पहुंचने से पहले ही आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया था। यह सोसायटी में आग लगने की पहली घटना नहीं है। निवासियों का आरोप है कि फायर फाइटिंग सिस्टम लंबे समय से खराब पड़ा है, जिससे हमेशा खतरा बना रहता है। निवासियों ने बिल्डर और प्रबंधन के प्रति भारी नाराजगी व्यक्त कर तत्काल फायर सेफ्टी सिस्टम की जांच, मरम्मत और नियमित सुरक्षा ऑडिट की मांग की है।

हैवान बना पिता, 16 वर्षीय बेटी से दुष्कर्म ; गिरफ्तार

जोनपुर (एजेंसी)। रिश्तों की मर्यादा को तार-तार करने वाला एक हृदय विदारक मामला उत्तर प्रदेश के जमालपुर से सामने आया है। यहां एक कलयुगी पिता ने अपनी ही 16 वर्षीय नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता की मां की शिकायत पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पिता अरविंद शर्मा को गिरफ्तार कर लिया है और उसके खिलाफपोक्सो एक्ट सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस को दिए बयानों के अनुसार यह शर्मनाक घटना बीते 5 अगस्त को घटित हुई। पीड़िता की मां ने बताया कि आरोपी अरविंद शर्मा, जो कि पीड़िता का सगा पिता है, तबीयत खराब होने का बहाना बनाकर उस दिन काम पर नहीं गया और घर पर ही रुक गया। शाम को जब मां काम से लौटी तो 16 वर्षीय बेटी ने रोते हुए उसे अपनी आपबीती सुनाई। पीड़िता ने अपनी मां को बताया कि जब वह घर में अकेली थी और अपने काम निपटाकर कमरे में आराम कर रही थी, तभी उसके पिता अरविंद शर्मा ने जबरन उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी ने बेटी को किसी को भी बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी थी। मां की शिकायत पर जमालपुर पुलिस ने गंभीरता दिखाते हुए आरोपी पिता अरविंद शर्मा के खिलाफभारतीय दंड संहिता की धारा 376 (दुष्कर्म) और पोक्सो एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे तत्काल गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

मुंबई की महापौर ऋतु तावड़े को बम धमकी वाला ई-मेल, मेट्रो, स्कूल और शेयर बाजार को उड़ाने की चेतावनी, जांच में जुटी पुलिस

मुंबई (एजेंसी)। मुंबई की महापौर ऋतु तावड़े के आधिकारिक ई-मेल पते पर बम विस्फोट की धमकी मिलने से सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। ई-मेल में मुंबई महापौर कार्यालय, मुंबई मेट्रो, स्कूलों और शेयर बाजार को निशाना बनाने की धमकी दी गई है। दावा किया गया है कि 15 अगस्त से पहले मुंबई में विस्फोट किए जाएंगे। इसके बाद मुंबई पुलिस और साइबर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, धमकी भरे ई-मेल में अलगाववादी नारे लिखे गए हैं और कुछ व्यक्तियों के नामों का भी उल्लेख किया गया है। साथ ही लोगों को बच्चों को स्कूल न भेजने और मेट्रो से यात्रा नहीं करने जैसी चेतावनियां भी दी गई हैं। फिलहाल पुलिस इन दावों की सत्यता की जांच कर रही है और नागरिकों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है। बताया जा रहा है कि महापौर ऋतु तावड़े को इससे पहले भी दो बार धमकी भरे ई-मेल मिल चुके हैं। इस बार मिले ई-मेल के बाद साइबर पुलिस ई-मेल के आईपी एड्रेस, स्रोत और प्रेषक की पहचान करने में जुटी है। मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है और आवश्यक सुरक्षा उपाय भी बढ़ा दिए गए हैं।

केजरीवाल का दावा : पीएम मोदी जनता से खुद को बचाने के लिए बना रहे कानून

नई दिल्ली (एजेंसी)। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर गंभीर आरोप लगाकर दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी अपने ही नागरिकों से खुद को बचाने के लिए कानून बना रहे हैं। केजरीवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी अपने ही नागरिकों से लड़ रहे हैं और पेपर लीक, ई-20 फ्यूल जैसे मुद्दों पर उनके पुराने समर्थक भी उनके खिलाफ हो रहे हैं।

केजरीवाल का ये बयान तब हैं जब मेटा (मेटा) से जुड़े बड़े विवाद के बीच सूत्रों ने बताया कि कंपनी के सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने प्रधानमंत्री मोदी का फेसबुक वीडियो कुछ समय के लिए हटाने पर भारत सरकार से माफी मांगी है। जुकरबर्ग ने कथित तौर पर बच्चों के यौन शोषण से जुड़े मटीरियल, डीपफेक कंटेंट और प्लेटफॉर्म के संचालन में हुई गलतियों के लिए खेद जताया है। सूत्रों के अनुसार, मेटा ने स्वीकार किया कि गैर-कानूनी कंटेंट, जिसमें बच्चों के यौन शोषण से संबंधित सामग्री शामिल थी, को खास ऑडियंस के लिए पेड प्रमोशन के माध्यम से बढ़ावा दिया था। केंद्र सरकार ने मेटा को स्पष्ट किया है कि वे इंटरमीडियरी (मध्यस्थ) की परिभाषा के दायरे में नहीं आते क्योंकि वे खुद कंटेंट का चुनाव करते हैं, इसलिए आईटी एक्ट के तहत सेफ हार्बर का नियम उन पर लागू नहीं होता। घटनाक्रम के बीच, मेटा के चीफ ग्लोबल अफेयर्स ऑफिसर जोएल कपलान की अगुवाई में एक उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सेक्रेटरी एस. कृष्णन से मुलाकात की। इस बैठक में प्रधानमंत्री मोदी का फेसबुक वीडियो गलती से हटाने की जानकारी दी गई। इससे पहले, संचार और सूचना प्रौद्योगिकी पर बनी संसदीय स्थायी समिति ने फेसबुक से प्रधानमंत्री का वीडियो हटाए जाने पर जुकरबर्ग से बिना शर्त माफी की मांग की थी और चेतावनी दी थी कि भारत में प्लेटफॉर्म को मिलने वाली कानूनी छूट समाप्त की जा सकती है।

बारिश के बीच विपक्ष ने संसद परिसर में किया जोरदार प्रदर्शन

-जंतर-मंतर पुलिस कार्रवाई और राम मंदिर चढ़ावा चोरी के मुद्दे पर मकर द्वार पर नारेबाजी, छात्रों की मांगों पर कार्रवाई की उठाई मांग

नई दिल्ली (एजेंसी)। संसद के मानसून सत्र के 15वें दिन शुक्रवार को भी संसद परिसर में विपक्ष का विरोध प्रदर्शन जारी रहा। कांग्रेस सहित विभिन्न विपक्षी दलों के सांसदों ने संसद भवन के मकर द्वार पर एकत्र होकर जंतर-मंतर पर छात्रों के प्रदर्शन के दौरान हुई पुलिस कार्रवाई और राम मंदिर चढ़ावा चोरी के मुद्दे को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। तेज बारिश के बावजूद सांसद छाते लेकर धरना देने पहुंचे और सरकार विरोधी नारे लगाए।

विपक्षी नेताओं ने आरोप लगाया कि छात्रों की लोकतांत्रिक मांगों को संवाद के बजाय बल प्रयोग से दबाने का प्रयास किया गया है। उनका कहना था कि सरकार को प्रदर्शनकारी छात्रों की समस्याओं को गंभीरता से सुनना चाहिए और उनके साथ बातचीत कर समाधान निकालना चाहिए। विपक्ष ने जंतर-मंतर पर हुई पुलिस कार्रवाई की निष्पक्ष जांच कराने तथा जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग की। प्रदर्शन के दौरान विपक्षी सांसदों ने राम मंदिर चढ़ावा चोरी के मामले को भी प्रमुखता से उठाया और इस पूरे प्रकरण की पारदर्शी जांच की मांग करते हुए सरकार को घेरने का प्रयास किया। सांसदों का कहना था कि दोनों ही मुद्दे जनहित से जुड़े हैं और सरकार को इन पर स्पष्ट जवाब देना चाहिए। तेज बारिश के बावजूद प्रदर्शन में शामिल सांसद लगातार नारेबाजी करते रहे।

सीजेपी ने बनाई राष्ट्रीय कार्यसमिति, अभिजीत दीपके बने राष्ट्रीय संयोजक

12 लोगों की मेन टीम का हुआ ऐलान

नई दिल्ली (एजेंसी)। संगठनात्मक विस्तार की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए सीजेपी (कॉकरोच जनता पार्टी) ने गुरुवार को अपनी राष्ट्रीय कार्यसमिति का गठन कर दिया। संगठन के संस्थापक अभिजीत दीपके को राष्ट्रीय संयोजक नियुक्त किया गया है, जबकि मुख्य प्रवक्ता सौरव दास और प्रवक्ता आशुतोष रांका को सह-संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। दो दिवसीय बैठक के समापन के बाद आयोजित संवाददाता सम्मेलन में नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। संगठन ने स्पष्ट किया कि फिलहाल उसे राजनीतिक दल में परिवर्तित नहीं किया जाएगा और उसका फोकस जमीनी स्तर पर जनसंगठन तैयार करने पर रहेगा।

सीजेपी की ओर से जारी बयान के अनुसार, राष्ट्रीय कार्यसमिति ने संगठन के विस्तार की रूपरेखा को मंजूरी दे दी है। अगले छह महीनों में सभी राज्यों में समन्वय समितियों के गठन के साथ-साथ लोकसभा और शहर स्तर पर भी संगठनात्मक इकाइयां बनाई जाएंगी। संगठन ने कहा कि घोषित सूची के अलावा किसी अन्य व्यक्ति को फिलहाल पदाधिकारी नियुक्त नहीं किया गया है। नई कार्यकारिणी में अजिंक्य शिंदे को राष्ट्रीय संगठन प्रभारी और दीपक बालियान को सह-संगठन प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा आफरीन नवाज को राष्ट्रीय सचिव, विजय रेड्डी मल्लांगी को मीडिया प्रमुख, रत्ना सिंह को कानूनी मामलों की प्रमुख, वैष्णवी गौड़ को शोध एवं नीति प्रमुख, रोहन देशपांडे को प्रौद्योगिकी प्रमुख तथा योगेश इंगले को वित्त प्रमुख नियुक्त किया गया है। संगठन ने उत्तर, दक्षिण, पूर्व एवं पूर्वोत्तर तथा पश्चिम क्षेत्र के लिए भी अलग-अलग नेतृत्व की जिम्मेदारियां तय की हैं।

सौरव दास ने बताया कि सदस्यता अभियान संगठन की वेबसाइट के माध्यम से शुरू किया जाएगा। उन्होंने छात्रों, युवाओं, पेशेवरों और श्रमिकों से संगठन से जुड़ने की अपील करते हुए कहा कि सीजेपी फिलहाल किसी प्रकार का चंदा या फंड एकत्र नहीं कर रही है। उन्होंने लोगों से किसी भी भ्रामक दावे से सावधान रहने की भी अपील की। दास ने कहा कि कई लोग चाहते हैं कि सीजेपी राजनीतिक दल बने, लेकिन मौजूदा समय में संगठन का उद्देश्य चुनावी राजनीति में उतरना नहीं, बल्कि सामाजिक मुद्दों पर जनजागरूकता बढ़ाना और जमीनी स्तर पर काम करना है। उनका कहना था कि संगठन पहले अपने नेटवर्क और जनसंपर्क को मजबूत करेगा। इस दौरान आशुतोष रांका ने बताया कि सीजेपी का एक प्रतिनिधिमंडल झारखंड में भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के विरोध में प्रदर्शन कर रहे छात्रों से मुलाकात करेगा। इसके बाद संगठन के शीर्ष पदाधिकारी भी राज्य का दौरा करेंगे। संगठन ने कहा कि शिक्षा और भर्ती परीक्षाओं में पारदर्शिता उसके प्रमुख मुद्दों में शामिल रहेगी।

ऊना दलित अत्याचार : मायावती ने की गुजरात सरकार से हाईकोर्ट में सख्त पैरवी की मांग

लखनऊ (एजेंसी)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख और पूर्व सीएम मायावती ने गुजरात के गिर सोमनाथ जिले के ऊना में वर्ष 2016 के चर्चित दलित अत्याचार मामले में लोकल अदालत द्वारा अधिकांश आरोपियों को बरी करने पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह फैसला न्याय व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है और पीड़ित दलित परिवारों को हाईकोर्ट में न्याय की लड़ाई लड़ने के लिए भारी आर्थिक और कानूनी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। बसपा सुप्रीमों मायावती ने गुजरात सरकार से तत्काल मामले में हस्तक्षेप करने और उच्च न्यायालय में प्रभावी पैरवी कर सभी दोषियों को कड़ी सजा दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास करने का आग्रह किया है। बसपा मुखिया ने याद दिलाया कि इस घटना के बाद वह खुद पीड़ितों से मिलने ऊना गई थीं और तभी राज्य सरकार से सभी दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की थी। उन्होंने कहा कि देश भर में रोष के बावजूद 40 में से 35 आरोपियों का बरी होना दलितों के प्रति सरकारी उदासीनता और उनके हितों की उपेक्षा का परिणाम लगता है। उन्होंने कहा कि गुजरात सरकार के पास अभी भी मौका है कि वह अपनी गलती सुधारते हुए उच्च न्यायालय में उचित पैरवी सुनिश्चित करे। मायावती ने सुझाव दिया कि गुजरात सरकार को पीड़ित परिवारों की संतुष्टि के अनुसार, सरकारी खर्च पर वकील मुहैया कराने चाहिए, ठीक उसी तरह जैसे बसपा की यूपी सरकार ने गरीबों को मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान करने का प्रावधान किया था। उन्होंने जोर दिया कि यह कदम न केवल पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाएगा बल्कि दूसरों के लिए भी एक सबक बनेगा।

कावड़ यात्रा : मोदीनगर से गुजरा कांवड़ियों का सैलाब

मोदीनगर (शिखर समाचार) हरिद्वार से कावड़ लेकर दिल्ली मेरठ मार्ग से गुजरने वाले कांवड़ियों का रैला उमड़ रहा है। शुक्रवार सुबह से लेकर देर शाम तक यहां से लाखों की संख्या में कावड़िया गुजर चुके हैं। नगर के इस मुख्य मार्ग पर चारों ओर बम बम भोले के नारे गूंज रहे हैं। कांवड़िया द्वारा रंग बिरंगी लाइटों से सजी झांकियां आकर्षण का केंद्र बनी है। शाम होते ही दिल्ली मेरठ मार्ग के दोनों तरफ कांवडियो और उनकी झांकियां को देखने के लिए बड़ी संख्या में नगर के लोग एकत्र थे। कांवड़ियों को देखने के लिए नगर का मुख्य चौराहा राज चौराहा पर श्रद्धालुओं की सबसे ज्यादा भीड़ जुटी। इसके अलावा भी नगर में दिल्ली मेरठ मार्ग के दोनों और जगह-जगह श्रद्धालुओं की भीड़ जमा थी। कांवड़ियों की सेवार्थ नगर में दो दर्जन से भी अधिक स्थानों पर कावड़ शिविर लगे है, जिनमे खानपान की सुविधा के अलावा चिकित्सा सेवा भी उपलब्ध कराई गई है। इस समय यहां से हरियाणा और दिल्ली का सबसे अधिक कांवडिया निकल रहा है। आज यहां से हरियाणा के पलवल के रहने वाले 22 कांवडियो का एक जत्था गुजरा और इनका कहना था कि उन्होंने 19 जुलाई को हरिद्वार से जल उठाया था तथा वह अपने शहीदों की स्मृति में कावड़ लेकर चल रहे हैं। बजरंग दल से जुड़े निशांत त्यागी, मधुर नेहरा और शुभम शर्मा सहित कई ने पुष्प वर्षा कर इन कांवड़ियों का स्वागत किया। सफाई व्यवस्था के लिए नगर के पूरे दिल्ली मेरठ मार्ग पर नगर पालिका परिषद की ओर से सफाई कर्मी तैनात किए गए हैं और इतना ही नहीं कावड़ शिवरों में भी सफाई व्यवस्था के लिए सफाई कर्मी तैनात किए गए हैं। इन सफाई कर्मियों को पालिका के अध्यक्ष विनोद वैशाली ने रेनकोट वितरित किए। पालिका अध्यक्ष का कहना था कि सफाई कर्मी बारिश और बढ़ती हुई कांवड़ियों की संख्या के बीच भी सफाई का कार्य सुचारू रूप से कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे सफाई कर्मी स्वच्छता को लेकर सराहनीय सहयोग कर रहे हैं। इसके अलावा उप जिलाधिकारी कोमल पवार तथा एसीपी भास्कर वर्मा पूरे समय इस मार्ग का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं और अधीनस्थ अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए जा रहे हैं।

सहारनपुर में कांवड़ियों पर हेलीकॉप्टर से हुई पुष्पवर्षा, गूंजा हर-हर महादेव

सहारनपुर (शिखर समाचार)। श्रावण कांवड़ यात्रा-2026 के दौरान शुक्रवार को शिवभक्त कांवड़ियों और श्रद्धालुओं के सम्मान एवं उत्साहवर्धन के लिए सहारनपुर के घंटाघर चौक पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा की गई। आसमान से बरसे फूलों को देखकर कांवड़ियों में उत्साह दिखाई दिया और पूरा वातावरण ह्लहर-हर महादेवह्व तथा "बम-बम भोले" के जयघोष से गूंज उठा।

पुष्पवर्षा के दौरान पुलिस उपमहानिरीक्षक, सहारनपुर परिक्षेत्र अभिषेक सिंह पुलिस बल के साथ घंटाघर चौक पर मौजूद रहे। उन्होंने कांवड़ यात्रा मार्ग का स्थलीय निरीक्षण करते हुए सुरक्षा, यातायात और कानून-व्यवस्था की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डीआईजी ने ड्यूटी प्वाइंटों पर तैनात पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पूरी सतर्कता के साथ ड्यूटी करने, आपसी समन्वय बनाए रखने और किसी भी स्थिति में त्वरित पुलिस प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कांवड़ियों का आवागमन सुरक्षित, सुगम और निर्बाध बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है।

असम में बाढ़ से मरने वालों की संख्या 97 हुई, 1.68 लाख लोग प्रभावित

-कई राज्यों में आंधी-तूफान और बिजली गिरने की आशंका

गुवाहाटी (एजेंसी)। असम में बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी है वहां दो और लोगों की मौत के साथ इस साल बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 97 तक पहुंच गई है। वहीं प्रभावित लोगों की संख्या भी बढ़कर 1.68 लाख से ज्यादा हो गई। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) ने बताया कि पिछले 24 घंटे में गोलाघाट और उदलगुड़ी जिलों में एक-एक व्यक्ति की मौत हुई।

प्राधिकरण की रिपोर्ट के मुताबिक वर्तमान में गोलाघाट, शिवसागर, उदलगुड़ी, कामरूप मेट्रोपॉलिटन, नगांव, कामरूप, दरांग, सोनितपुर, होजाई, लखीमपुर, बिश्वनाथ, जोरहाट, चराइदेव, कार्बी आंगलोंग और धेमाजी जिलों में 1.68 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं। गोलाघाट सबसे ज्यादा प्रभावित जिला है, जहां करीब 54,000 लोग बाढ़ की चपेट में आए। इसके बाद शिवसागर में 49,000 से ज्यादा और जोरहाट में करीब 27,000 लोग प्रभावित हुए हैं। एएसडीएमए ने बताया कि वर्तमान में छह जिलों में 133 राहत शिविर और राहत सामग्री वितरण केंद्र चलाए जा रहे हैं, जहां करीब 45,000 विस्थापित लोगों को आश्रय और सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

रिपोर्ट के मुताबिक राज्य में कुल 481 गांव अब भी बाढ़ के पानी में डूबे हुए हैं, जबकि बाढ़ के कारण पूरे राज्य में 14,382.26 हेक्टेयर फसल क्षेत्र को नुकसान पहुंचा है। बुलेटिन के मुताबिक धनसिरी नदी नुमालीगढ़ में अब भी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। बाढ़ के पानी से कई जिलों में तटबंधों, सड़कों, पुलों और अन्य सार्वजनिक बुनियादी ढांचों को भी नुकसान पहुंचा है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक 6 से 12 अगस्त के बीच अरुणाचल प्रदेश में और 8 से 11 अगस्त के बीच असम और मेघालय में कहीं-कहीं या कुछ जगहों पर बारिश हो सकती है। 6-7 अगस्त और 12 अगस्त को असम और मेघालय में और 6-12 अगस्त के दौरान नागालैंड, मणिपुर, मिज़ोरम और त्रिपुरा में काफी ज़्यादा या बड़े इलाके में बारिश की संभावना है। मौसम एजेंसी ने कहा कि कहीं-कहीं आंधी-तूफान और बिजली गिरने की संभावना है। रिपोर्ट के मुताबिक असम सरकार ने शिवसागर और चराइदेव जैसे बाढ़ प्रभावित ज़िलों में 10 अगस्त से पढ़ाई फिर से शुरू करने की योजना का ऐलान किया है। साथ ही सरकार उन छात्रों के लिए वैकल्पिक इंतजाम भी कर रही है जिनके स्कूल हाल की बाढ़ के कारण पहुंच से बाहर हैं या क्षतिग्रस्त हो गए हैं। राज्य के शिक्षा मंत्री रानोज पेगू ने कहा था कि यह फैसला पढ़ाई में रुकावट को कम करने और यह पक्का करने के लिए लिया गया है कि छात्र अपनी पढ़ाई जारी रख सकें, भले ही बाढ़ से प्रभावित कई शिक्षण संस्थानों में मरम्मत का काम चल रहा हो, जो स्कूल अभी छात्रों को बैठाने लायक नहीं हैं, वे हालात सुधरने तक बंद रहेंगे। हालांकि, इन संस्थानों में दाखिला लेने वाले छात्रों को अपनी पढ़ाई जारी रखने के लिए अस्थायी सुविधाएं दी जाएंगी।

नगर निगम के कांवड़ शिविर में पहुंचे डीएम, कांवड़ियों संग ग्रहण किया प्रसाद

गाजियाबाद (शिखर समाचार)। कांवड़ यात्रा को लेकर गाजियाबाद नगर निगम ने श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए व्यवस्थाओं को अधिक मजबूत कर दिया है। निर्धारित कांवड़ मार्ग पर लगातार साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था के साथ कांवड़ शिविरों में फॉगिंग और एंटी लार्वा का छिड़काव कराया जा रहा है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश पर नगर निगम के विभिन्न विभागों की टीमें लगातार मैदान में डटी हुई हैं। इसी कड़ी में नगर निगम की तरफ से कांवड़ यात्रियों के लिए लगाए गए भव्य कांवड़ शिविर का जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़ ने निरीक्षण किया। उन्होंने शिविर में उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लेने के साथ कांवड़ यात्रियों से बातचीत कर उनके स्वास्थ्य और सुविधाओं की जानकारी ली। जिलाधिकारी, नगर आयुक्त तथा मुख्य विकास अधिकारी ने कांवड़ यात्रियों को भोजन वितरित किया और उनके साथ प्रसाद भी ग्रहण किया। अधिकारियों ने कांवड़ महोत्सव को सफल बनाने में जुटी टीम को शुभकामनाएं दीं। जिलाधिकारी ने कहा कि गाजियाबाद नगर निगम कांवड़ मार्ग की व्यवस्थाएं संभालने के साथ ही श्रद्धालुओं के लिए इतने बड़े स्तर पर भव्य शिविर का संचालन कर रहा है, जो सराहनीय है। शिविर में कांवड़ यात्रियों के लिए भोजन, पेयजल, विश्राम, साफ-सफाई, शौचालय, स्नानघर और प्रकाश व्यवस्था की पर्याप्त सुविधा उपलब्ध कराई गई है। कांवड़ यात्री 24 घंटे नगर निगम के शिविर में भोजन और विश्राम की सुविधा का लाभ ले सकते हैं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने शिविर की रसोई का भी जायजा लिया। उन्होंने भोजन तैयार करने की प्रक्रिया, साफ-सफाई और गुणवत्ता को देखा। श्रद्धालुओं के लिए स्वच्छता और शुद्धता का विशेष ध्यान रखते हुए भोजन तैयार किया जा रहा है। इसके बाद अधिकारियों ने कांवड़ यात्रियों के साथ प्रसाद ग्रहण कर उनके उत्साह को बढ़ाया। कांवड़ मार्ग के साथ शिविरों में स्वच्छता बनाए रखने के लिए नगर निगम की टीमें लगातार कार्य कर रही हैं। नियमित सफाई के अलावा मच्छरों से बचाव के लिए फॉगिंग और एंटी लार्वा का छिड़काव कराया जा रहा है। पेयजल और प्रकाश व्यवस्था की भी लगातार निगरानी की जा रही है, ताकि दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। कांवड़ यात्रा गाजियाबाद के लिए आस्था, उल्लास और सेवा का अद्भुत प्रतीक बन रही है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की सुविधा में किसी स्तर पर कमी नहीं होनी चाहिए।

निरीक्षण के दौरान जिला प्रशासन और नगर निगम ने अन्य कांवड़ शिविर संचालकों से भी प्रतिबंधित प्लास्टिक का प्रयोग न करने तथा सफाई व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की।

मौके पर नगर निगम, जिला प्रशासन और पुलिस विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने विभिन्न क्षेत्रों से आए कांवड़ यात्रियों से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया और खान-पान एवं स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी ली। नगर निगम की टीमों द्वारा शिविर की व्यवस्थाओं की लगातार मॉनीटरिंग की जा रही है।

डीआईजी ने कांवड़ मार्गों पर पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था परखी, चार दिन विशेष सतर्कता के निर्देश

आरव शर्मा

मेरठ (शिखर समाचार)। श्रावण मास की कांवड़ यात्रा-2026 को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस उपमहानिरीक्षक मेरठ परिक्षेत्र कलानिधि नैथानी ने शुक्रवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे तथा अन्य अधिकारियों के साथ बेगमपुल और आसपास के कांवड़ मार्गों एवं संवेदनशील क्षेत्रों में पैदल गश्त कर सुरक्षा और यातायात व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सुपर जोनल अधिकारियों, क्षेत्राधिकारियों तथा आरआरटीएस मेट्रो, आतंकवाद निरोधक दस्ता, त्वरित प्रतिक्रिया बल, विशेष सुरक्षा बल और अन्य सुरक्षा इकाइयों के प्रभारियों के साथ समन्वय बैठक कर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। विभिन्न प्रकार के ड्रोन का परीक्षण कराया गया तथा आसपास की छतों की भी जांच कराई गई। डीआईजी ने जोन और सेक्टरवार व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए अतिरिक्त त्वरित प्रतिक्रिया दल की तैनाती, औघड़नाथ मंदिर में सीसीटीवी नियंत्रण कक्ष शीघ्र तैयार करने, स्थानीय अभिसूचना इकाई से लगातार संपर्क बनाए रखने तथा संवेदनशील क्षेत्रों में मोबाइल पुलिसिंग बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने यातायात सुचारु रखने, पुलिस बल की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने, शराब की दुकानों को पूरी तरह ढकने और मांस व अंडे की दुकानों को बंद रखने के निर्देश भी दिए। शिविर संचालकों और जनप्रतिनिधियों से संवाद कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली गई। ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों का उत्साहवर्धन करते हुए डीआईजी ने अगले चार दिनों तक पूरी सतर्कता, अनुशासन और समर्पण के साथ दायित्व निभाने पर जोर दिया तथा कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा और व्यवस्था में किसी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए।

जमीन कारोबारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, घर में मिला शव



फाइल फोटो अनिल सोती

बिजनौर (शिखर समाचार) । थाना शहर कोतवाली इलाके में शुक्रवार को एक बड़े जमीन कारोबारी का शव उनके आवास पर संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान 80 वर्षीय अनिल कुमार सोती के रूप में हुई है, जो अविवाहित थे और घर में अकेले रहते थे। उनके शरीर पर चोट के निशान पाए गए हैं, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर अभय कुमार पांडे ने बताया कि शहर कोतवाली क्षेत्र के शहबाजपुर खाना इलाके में आम का एक बाग है। इसी बाग के अंदर अनिल कुमार सोती का मकान बना हुआ है। 80 वर्षीय अनिल कुमार यहाँ अकेले ही जीवन बसर कर रहे थे। शुक्रवार सुबह पुलिस को सूचना मिली कि उनका शव घर के भीतर संदिग्ध हालत में पड़ा है। सूचना पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घटना स्थल का मुआयना किया। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्ट्या मृतक के शरीर पर चोट के निशान पाए गए हैं। मौत का वास्तविक और सटीक कारण जानने के लिए मामले की गहनता से जांच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और रिपोर्ट आने के बाद ही विधिक कार्रवाई की जाएगी। उधर, स्थानीय लोगों और चचाओं के अनुसार, अनिल कुमार सोती का अपने भतीजे गौरव के साथ जमीन को लेकर पुराना विवाद चल रहा था, जो फिलहाल न्यायालय में विचाराधीन है। इस वजह से लोग इस घटना को सीधे तौर पर जमीनी रंजिश और विवाद से जोड़कर देख रहे हैं। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर तफ्तीश में जुटी है।

कांवड़ यात्रा की सुरक्षा पर पुलिस आयुक्त की पैनी नजर, सीसीटीवी से होगी हर गतिविधि की निगरानी

गाजियाबाद (शिखर समाचार)। कांवड़ यात्रा के शांतिपूर्ण और सुरक्षित संचालन को लेकर गाजियाबाद पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था व निगरानी तंत्र को अधिक मजबूत कर दिया है। शुक्रवार को पुलिस आयुक्त ने अधिकारियों के साथ कांवड़ मार्ग का स्थलीय भ्रमण किया और पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान कांवड़ मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरों, यातायात एवं प्रकाश व्यवस्था का निरीक्षण करने के साथ संवेदनशील स्थानों पर तैनात पुलिस बल की भी समीक्षा की गई।

पुलिस आयुक्त जे. रविंदर गौड़ एवं अपर पुलिस आयुक्त कानून-व्यवस्था राजकरन नैय्यर ने कांवड़ यात्रा के सुचारु संचालन और श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया। भ्रमण के दौरान थाना मुरादनगर क्षेत्रांतर्गत गंगनहर में जलमार्ग और तटवर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा प्रबंधों को परखा गया। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद पुलिस एवं अन्य सुरक्षा बलों की तैनाती की भी समीक्षा की, ताकि कांवड़ियों की आवाजाही के दौरान किसी तरह की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो।

इसके बाद मेरठ तिराहे पर स्थित कांवड़ कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया गया। पुलिस आयुक्त ने कंट्रोल रूम में स्थापित सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली, निगरानी व्यवस्था और वहां से की जा रही मॉनिटरिंग का बारीकी से अवलोकन किया। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि कांवड़ मार्ग पर श्रद्धालुओं की गतिविधियों और यातायात व्यवस्था पर सीसीटीवी के माध्यम से लगातार नजर रखी जाए। किसी भी आपात स्थिति में तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस आयुक्त ने कांवड़ मार्ग पर श्रद्धालुओं के आवागमन, उपलब्ध सुविधाओं और सुरक्षा इंतजामों का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। संवेदनशील स्थानों और प्रमुख मार्गों पर सुरक्षा व्यवस्था का लगातार निरीक्षण करते हुए सतर्क निगरानी बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि यात्रा के दौरान किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो और सुरक्षा व्यवस्था को निरंतर सक्रिय रखा जाए। कांवड़ शिविरों के आसपास यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने और भीड़ को नियंत्रित करने के लिए भी प्रभावी उपाय करने के निर्देश दिए गए। पुलिस आयुक्त ने मार्ग में कांवड़ियों से संवाद भी किया और उनकी यात्रा से जुड़े अनुभव एवं रास्ते की व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इससे पुलिस प्रशासन ने जमीनी स्तर पर श्रद्धालुओं की समस्याओं और आवश्यकताओं को समझने का प्रयास किया।

निरीक्षण के दौरान पुलिस उपायुक्त नगर/ट्रांस हिंडन धवल जायसवाल, पुलिस उपायुक्त ग्रामीण सुरेंद्रनाथ तिवारी, संबंधित सहायक पुलिस आयुक्त और थाना प्रभारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

शिविरों में आम नागरिकों का भी मिल रहा है सहयोग : राजीव कुमार ईओ

खतौली/मुजफ्फर नगर (शिखर समाचार)। नगरपालिका ईओ राजीव कुमार ने बताया कि नगर में व्यवस्था संभालने हेतु लगाए गए शिविरों में आम नागरिकों का सहयोग भी मिल रहा है और आमजन बढ़ चढ़ कर सहयोग कर रहे हैं।। ज्ञात हो कि कांवड यात्रा के दौरान जहां कांवड़ मार्ग पर सरकारी अमला रात दिन नजर रखें हुए हैं वहीं स्थानीय निवासी भी सहयोग में पीछे नहीं है। नगर क्षेत्र में निजी कांवड़ सेवा शिविर लगाए गए हैं जिनमें निःशुल्क नाश्ता, भोजन के साथ ही दवाइयों का वितरण किया जा रहा है। पुलिस द्वारा बृहस्पतिवार को शुरू किए गए सेवा शिविर के अलावा पहले से ही नगर में अलकनंदा गंग नहर पुल एवं जानसठ तिराहे पर प्रशासनिक व्यवस्था शिविर भी काम कर रहे हैं। इन शिविरों में कांवड़ियों को रोड़ पर आवागमन में कोई दिक्कत न हो इसका ख्याल रक्खा जा रहा है। वैसे तो प्रशासन द्वारा एन एच 58 पर वाहनों को पूर्णतया बंद कर दिया गया है, परंतु नगर व्यवस्था के अंतर्गत इस मार्ग पर क्षेत्र वासी आ रहे हैं इनके आने के दौरान कांवड़ियों को कोई दिक्कत न हो

इसी व्यवस्था को सुचारू तरीके से चलाने की जिम्मेदारी इन शिविरों पर है और अलग अलग सेवादारों को जिम्मेदारी दी गई है। उधर यहां तैनात पुलिस कर्मी भी कांवड़ियों को सुविधा प्रदान कर रहे हैं, शुक्रवार को भी इन शिविरों में सेवादार अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह कर रहे थे, इन शिविरों का संचालन पालिका, पुलिस एवं प्रशासन संयुक्त रूप में करे रहे हैं।

गाजियाबाद में कांवड़ यात्रा की निगरानी के लिए इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम शुरू, 2000 सीसीटीवी कैमरों से होगी निगरानी

गाजियाबाद (शिखर समाचार)। कांवड़ यात्रा-2026 को सकुशल, सुरक्षित और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए मेरठ रोड तिराहे पर जिला प्रशासन एवं सिविल डिफेंस के संयुक्त एकीकृत नियंत्रण कक्ष का औपचारिक शुभारंभ किया। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़, पुलिस उपायुक्त धवल जायसवाल, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक और मुख्य विकास अधिकारी कुमार सौरभ ने संयुक्त रूप से कंट्रोल रूम का शुभारंभ किया। यहां से कांवड़ मार्ग और प्रमुख धार्मिक स्थलों की 24 घंटे निगरानी की जा रही है। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ ने कहा कि कांवड़ यात्रा पश्चिमी उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी धार्मिक यात्राओं में शामिल है। लाखों शिवभक्त गाजियाबाद से होकर गुजरते हैं, ऐसे में प्रशासन की प्राथमिकता श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुगम और बेहतर वातावरण उपलब्ध कराना है। यात्रा को सफल बनाने में पुलिस-प्रशासन के साथ नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग, सिविल डिफेंस, स्वयंसेवी संगठनों और स्थानीय नागरिकों की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। कंट्रोल रूम से करीब 2000 सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से कांवड़ मार्ग, मुरादनगर गंगनहर क्षेत्र, राष्ट्रीय राजमार्ग-58, श्रीदूधेश्वरनाथ मंदिर समेत प्रमुख स्थानों पर लगातार नजर रखी जा रही है। कैमरों से मिलने वाली सूचनाओं के आधार पर जरूरत के मुताबिक तत्काल निर्णय लेने की व्यवस्था की गई है। संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की विशेष तैनाती के साथ असामाजिक तत्वों पर भी नजर रखी जा रही है। कांवड़ियों की स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए जिले में 65 एंबुलेंस तैनात की गई हैं। इसके अलावा 25 से अधिक स्वास्थ्य शिविर स्थापित किए गए हैं और 200 से ज्यादा बेड आरक्षित रखे गए हैं। शिविरों में प्राथमिक उपचार, मरहम-पट्टी और आवश्यक चिकित्सकीय सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। प्रशासन का दावा है कि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह तैयार है। कांवड़ मार्ग पर चौबीसों घंटे सफाई कर्मचारियों की तैनाती की गई है। जलभराव वाले स्थानों पर जेट पंपों के जरिए तत्काल पानी निकालने की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही पूरे कांवड़ मार्ग को प्लास्टिक मुक्त रखने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। भंडारों में पर्यावरण अनुकूल सामग्री के इस्तेमाल को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने बताया कि 10 अगस्त को जिले के पांच प्रमुख स्थानों पर कांवड़ यात्रियों के स्वागत के लिए पुष्पवर्षा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुरूप प्रशासन कांवड़ यात्रा को सुरक्षित, सुगम और श्रद्धापूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है।

नवनियुक्त पदाधिकारियों ने सीएमओ से की मुलाकात, चिकित्सकों की उठाई समस्याएं

शामली। (शिखर समाचार) प्रादेशिक चिकित्सा सेवा संघ के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. कृष्ण गोपाल से मुलाकात कर चिकित्सकों की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। पदाधिकारियों ने चिकित्सकों के हित में कार्य करने के लिए सीएमओ से सहयोग की मांग की। संघ के जिलाध्यक्ष डा. रामनिवास, सचिव डा. विजेन्द्र कुमार और डा. प्रवीन त्यागी ने सीएमओ को पुष्प भेंट कर उनका स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि चिकित्सकों को समय से वेतन मिलना चाहिए। चिकित्सक पूरी ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ मरीजों की सेवा करते हैं। ऐसे में यदि किसी चिकित्सक के खिलाफ झूठी शिकायत की जाती है तो कार्रवाई से पहले उसकी निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए। पदाधिकारियों ने कहा कि चिकित्सकों पर अनावश्यक दबाव नहीं बनाया जाना चाहिए। चिकित्सक दिन-रात मरीजों की सेवा में जुटे रहते हैं और उनकी समस्याओं एवं स्वास्थ्य का भी ध्यान रखा जाना जरूरी है। उन्होंने सीएमओ से चिकित्सकों के हितों से जुड़े मामलों में सकारात्मक सहयोग की अपेक्षा जताई।

कौशांबी पुलिस ने वाहन चोर को दबोचा, चोरी की अपाचे बाइक बरामद

गाजियाबाद (शिखर समाचार)। कौशांबी थाना पुलिस ने वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के दौरान एक वाहन चोर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की टीवीएस अपाचे मोटरसाइकिल बरामद की। पूछताछ में उसने दिल्ली-एनसीआर और गाजियाबाद क्षेत्र में मोटरसाइकिल व स्कूटी चोरी करने तथा चोरी के वाहनों को बेचकर अपने शौक पूरे करने की बात कबूल की। पुलिस इसके अन्य आपराधिक इतिहास की भी जानकारी जुटा रही है। इसी कड़ी में कौशांबी थाना पुलिस टीम इलाके में चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस टीम ने पिरन नंबर-27, एलिवेटेड रोड 2/5 की पुलिया, वैशाली के पास संदिग्ध युवक को रोककर पूछताछ की। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से टीवीएस अपाचे मोटरसाइकिल बरामद हुई। जांच में सामने आया कि बरामद बाइक थाना खोड़ा में दर्ज चोरी के मुकदमे से संबंधित है। इसके बाद कौशांबी थाने में बरामदगी के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू की गई। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान दयाचन्द्र शर्मा के रूप में हुई। वह वर्तमान में खोड़ा क्षेत्र में किराये के मकान में रह रहा था। मूल रूप से वह ग्राम कूठरी कला थाना अहमदगढ़, जनपद बुलंदशहर का रहने वाला है। पुलिस पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि वह दिल्ली-एनसीआर और गाजियाबाद क्षेत्र में मोटरसाइकिल तथा स्कूटी चोरी करता है। चोरी किए गए वाहनों को बेचकर मिलने वाली रकम से वह अपने शौक पूरे करता था। बरामद अपाचे मोटरसाइकिल उसने कुछ दिन पहले खोड़ा कॉलोनी के नवीन विहार से चोरी की थी। चोरी की बाइक को बेचने की फिराक में वह उसे लेकर जा रहा था, तभी पुलिस की चेकिंग के दौरान पकड़ा गया। सहायक पुलिस आयुक्त इंदिरापुरम सूर्यबली मौर्य ने बताया कि इसके कब्जे से चोरी की एक टीवीएस अपाचे मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस अब इसके नेटवर्क और चोरी किए गए अन्य वाहनों के संबंध में जानकारी जुटा रही है। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक इसके खिलाफ कौशांबी थाने में एक मुकदमा दर्ज है। वहीं इसके अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

शिव चौक पर कांवड़ सुरक्षा का एडीजी ने लिया जायजा, अफसरों को अलर्ट रहने के निर्देश

मुजफ्फरनगर (शिखर समाचार)। श्रावण कांवड़ यात्रा-2026 को लेकर पुलिस-प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी है। शुक्रवार को अपर पुलिस महानिदेशक मेरठ जोन भानु भास्कर और पुलिस उपमहानिरीक्षक सहारनपुर परिक्षेत्र अभिषेक सिंह ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुजफ्फरनगर व अन्य पुलिस अधिकारियों के साथ कांवड़ यात्रा के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण शिव चौक का स्थलीय निरीक्षण किया। अधिकारियों ने शिव चौक पर कांवड़ियों की सुरक्षा, यातायात संचालन और भीड़ नियंत्रण के लिए की गई तैयारियों को परखा। रूट डायवर्जन, पुलिस बल की तैनाती, बैरिकेडिंग, सीसीटीवी निगरानी, भीड़ प्रबंधन और आपातकालीन व्यवस्था की बारीकी से समीक्षा की गई। अधिकारियों ने यह भी देखा कि कांवड़ियों के आवागमन में किसी तरह की बाधा न आए और यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे। निरीक्षण के दौरान ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को पूरी सतर्कता के साथ जिम्मेदारी निभाने के निर्देश दिए गए। कांवड़ियों एवं श्रद्धालुओं के साथ विनम्र और सहयोगात्मक व्यवहार करने तथा किसी भी परेशानी की स्थिति में तत्काल सहायता उपलब्ध कराने को कहा गया। अधिकारियों ने साफ किया कि संदिग्ध गतिविधि, कानून-व्यवस्था से जुड़ी किसी स्थिति या आकस्मिक घटना की सूचना में जरा भी देरी नहीं होनी चाहिए। सूचना मिलते ही उच्चाधिकारियों और नियंत्रण कक्ष को अवगत कराते हुए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। एडीजी और डीआईजी ने कहा कि श्रावण कांवड़ यात्रा को सुरक्षित, सुगम और सकुशल संपन्न कराना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए सभी अधिकारी और कर्मचारी आपसी समन्वय, सतत निगरानी और त्वरित प्रतिक्रिया के साथ ड्यूटी निभाएं।

बेहतर कानून व्यवस्था और सुविधाओं के बीच श्रद्धा के साथ आगे बढ़ रही कांवड़ यात्रा : सुरेश राणा

शामली(शिखर समाचार)। जनपद में कांवड़ यात्रा श्रद्धा और उत्साह के साथ आगे बढ़ रही है। शुक्रवार को ग्राम बुटराडा में संचालित कांवड़ सेवा शिविर तथा ग्राम हिरणवाड़ा की ओर से लगाए गए विशाल कांवड़ सेवा शिविर का पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश राणा ने उद्घाटन किया। उन्होंने कांवड़ियों का स्वागत करते हुए सेवा शिविरों में की जा रही व्यवस्थाओं की सराहना की। सुरेश राणा ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने कांवड़ यात्रा को सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित बनाने के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं। कांवड़ मार्गों पर साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश, चिकित्सा, यातायात और सुरक्षा की व्यवस्था की गई है। प्रशासन और पुलिस लगातार मार्गों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने में जुटे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था में हुए सुधार का असर कांवड़ यात्रा में भी दिखाई दे रहा है। शिवभक्त बिना किसी भय के श्रद्धा और आस्था के साथ यात्रा कर रहे हैं। उन्होंने सेवा शिविर लगाने वाले ग्रामीणों और आयोजकों की प्रशंसा करते हुए कहा कि कांवड़ियों की सेवा धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक भाईचारे की भी मिसाल है। उन्होंने शिवभक्तों से अनुशासन और शांतिपूर्वक यात्रा करने की अपील की। इस दौरान शामली सदर विधायक प्रसन्न चौधरी, वीर सिंह मलिक, बिल्लू प्रधान बुटराडा, देवेन्द्र शर्मा, प्रिंस जावला, मिंटू प्रधान कासमपुर, सामबीर सिंह, प्रदीप कुमार, बिल्लू प्रधान खानपुर, अंकुर रामू पंडित, सतपाल सिंह, कंवरपाल सिंह, नीरज प्रधान, आदित्य प्रधान, बिजेंद्र शास्त्री, संजय शर्मा, टीकाराम प्रधान, किरणपाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, क्षेत्रवासी और शिवभक्त मौजूद रहे।

इंडिया बायोएनर्जी एवं टेक एक्सपो 2026 : उत्तर प्रदेश बनेगा देश का बायोएनर्जी निवेश हब

